<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–23 जनवरी 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- महाकुंभ नगर में हुयी बैठक में प्रदेश कैबिनेट ने पारित किये प्रयागराज–चित्रकूट डेवलेपमेंट रीजन सहित दस प्रस्ताव। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मंत्रिपरिषद ने संगम में किया स्नान।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन रहेगा जारी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया निर्णय।
- लखनऊ से मुंबई जा रही पुष्पक एक्सप्रेस में आग की अफवाह। महाराष्ट्र के जलगांव में ट्रेन से कूदे यात्री। दर्जन भर यात्रियों की हुयी मौत। मुख्यमंत्री ने जताया शोक।
- श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के एक साल पूरे होने पर अयोध्या और वाराणसी में दिखा विशेष उत्साह। दर्शन–पूजन कर श्रद्धालुओं ने उतारी भगवान श्रीराम की आरती।

**********

महाकुंभ के त्रिवेणी संकुल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कल हुयी मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल चौवन मंत्री उपस्थित रहे। बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि कैबिनेट ने एससीआर की तर्ज़ पर प्रयागराज–चित्रकूट डेवलेपमेंट रीजन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। साथ ही बागपत, कासगंज और हाथरस में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेजों के निर्माण के प्रस्ताव पर भी मुहर लगाई गयी है।

***जैसे लखनऊ में हम लोगों ने स्टेट कैपिटल रीजन लखनऊ और उसके आसपास के सब जनपदों को मिला करके डेवलपमेंट का प्लान बनाया है ऐसे ही प्रयागराज और चित्रकूट को मिला करके एक डेलवपमेंट रीजन हम यहां डेवलप करेंगे। इसके लिये इंफ्रास्ट्रक्चर के लिये जो महत्वपूर्ण होगा। वह एक गंगा एक्सप्रेसवे का एक्स स्टोन हम लोग देंगे। गगा एक्सप्रेस वे प्रयागराज से मिर्जापुर, मिर्जापुर से भदोही होते हुए रविदासनगर होते हुए यह काशी, चंदौली और गाजीपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के साथ जुड़ेगा।***

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रयागराज, वाराणसी और आगरा के नगर निगम के बांड जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश एयरो–स्पेस तथा रक्षा इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2024 को भी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है।

***उत्तर प्रदेश की जो एयरोस्पेस और डिफेंस एंड एंप्लॉयमेंट से संबंधित जो पॉलिसी कौन सी है, 2018 में हमने बनाई थी, उसी पॉलिसी के 5 साल पूरे हो चुके हैं। अब उसको नए सिरे से बनाने की व्यवस्था की गई है। इस पार्टी को यहां पर अब हम हम लोगों ने बड़े निवेश को आमंत्रित करने के लिए उसमें नए इंसेंटिव की घोषणा की है। एफडीआई के अंतर्गत और फॉर्चून 500 निवेश प्रदेश में हुआ। उस निवेश के अंतर्गत इंसेंटिव वितरण करने की व्यवस्था और उसको उतनी प्रतिपूर्ति शासन यूपी सीधा को कर रहा है।***

बैठक में गृह विभाग, नगर विकास, चिकित्सा शिक्षा और औद्योगिक विकास विभाग से जुड़े कुल 10 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने मंत्रिपरिषद के सभी सदस्यों के साथ संगम में स्नान किया।

**********

केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को जारी रखने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुयी केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की बैठक में लिये गये इस निर्णय की जानकारी देते हुए केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि–

***जो रोजमर्रा की समस्या है भारत को नेशनल हेल्थ के टास्टिक्स में पीछे रखती थी उन सभी के ऊपर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में लगातार बहुत बढ़त हुई है। लगातार सफलता मिली है और आगे चल के अगले पांच वर्ष के लिये इस नेशनल हेल्थ मिशन को आगे भी बढ़ाने का जो आज अहम निर्णय लिया गया है आगे चल के हमारा जो शत प्रतिशत यूनिवर्सल नेशनल हेल्थ केयर का लक्ष्य है उसके प्रति भारत अग्रसर है।***

इसके अलावा बैठक में विपणन सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए रॉ– जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य को बढ़ाकर पांच हजार छः सौ पचास रुपये प्रति क्विंटल किया गया है जो पिछली बार की तुलना में तीन सौ पन्द्रह रुपये अधिक है।

**********

केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत कल दो दिवसीय दौरे पर प्रयागराज पहुंचे। श्री शेखावत ने इलाहाबाद संग्रहालय में लघु चित्रों पर आधारित भागवत प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महाकुम्भ के पवित्र और दिव्य अवसर को और अधिक भव्य तथा अनुपम बनाने के प्रयास सभी कर रहे हैं। सबके साथ और सभी के प्रयास से ही यह अनुपम कुम्भ दिव्य और भव्य बन रहा है। इसके अलावा उन्होंने संस्कार भारती पेविलियन और राष्ट्र रत्ना शोभायात्रा का भी शुभारंभ किया।

**********

महाकुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए चैटबॉट मददगार बनेगा। तीन नई सुविधाओं से लैस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित चैटबॉट का उद्देश्य श्रद्धालुओं के अनुभव को और बेहतर बनाना है। एक रिपोर्ट–

***एआई आधारित चैटबॉट का उपयोग करने से एक किलोमीटर के दायरे में स्थित पार्किंग स्थल, फूड कोर्ट और अस्पतालों के बारे में सटीक जानकारी मिल सकेगा। यह न केवल तीर्थयात्रियों को महाकुंभ की पूरी मैपिंग प्रदान करेगा, बल्कि आसान नेविगेशन के लिए***

*गूगल मैप लिंक के साथ प्रत्येक क्षेत्र के बारे में विस्तृत जानकारी भी प्रदान करता है। अपर मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने कहा कि एआई चैटबॉट तीर्थयात्रियों को पार्किंग, परिवहन, बैंकिंग, वाटर एटीएम और अन्य सेवाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी पल भर में देने में सक्षम बना रहा है।*

*चैटबॉट उपयोगकर्ताओं को उनकी जरूरतों के हिसाब से रियल टाइम में पीडीएफ डाउनलोड करने की भी सुविधा भी देता है, जिसमें शौचालय, खोया–पाया केंद्र, प्रदर्शनी और अन्य आवश्यक स्थानों के बारे में विवरण भी होता । केवल एक क्यूआर कोड को स्कैन करके, श्रद्धालु अपने मोबाइल पर सीधे महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। आनंद कुमार आकाशवाणी समाचार प्रयागराज*

**********

लखनऊ से मुंबई जा रही पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह के बाद यात्रियों के ट्रेन से कूदने से एक दर्जन लोगों की मौत हो गयी जबकि दर्जनभर लोग घायल हो गये। मृतकों और घायलों में उत्तर प्रदेश के नागरिक भी शामिल हैं। दुर्घटना के समय ट्रेन महाराष्ट्र के जलगांव में थी। ट्रेन से कूदने वाले बहुत से लोग कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दुर्घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दुर्घटना में घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। वहीं पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल ने हेल्पलाइन नंबर 8957409292 जारी किया है।

**********

अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के एक साल पूरे होने पर कल बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया। हनुमान गढ़ी, दशरथ महल और कनक भवन सहित अयोध्या के सभी मन्दिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। ट्रस्ट ने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए विशेष तैयारी की थी। वाराणसी में भी श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरे होने विशेष उत्साह देखा गया। वहां श्रद्धालुओं ने अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकीर्ति में स्थापित भगवान श्रीराम के विग्रह की आरती उतारी और भण्डारे का आयोजन कर प्रसाद वितरित कराया।

**********

प्रदेश सरकार ने शामली मुठभेड़ में शहीद हुए इंस्पेक्टर सुनील कुमार के परिजनों को पचास लाख रुपये की आर्थिक सहायता और उनके परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शहीद सुनील कुमार को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उनके गृह जनपद मेरठ में एक सड़क का नाम भी उनके नाम पर रखे जाने की घोषणा की है। शामली जिले के झिंझाना थानाक्षेत्र में स्पेशल टॉस्क फोर्स– एसटीएफ ने एक लाख के इनामी अरशद और उसके तीन सहयोगियों को सोमवार की रात हुई मुठभेड़ में मार गिराया था। इस मुठभेड़ में इंस्पेक्टर सुनील कुमार घायल हो गये थे। इलाज के दौरान कल उनकी मौत हो गई।

**********